आयोजन | गोमती नगर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शुरू हुए खादी एक्सपो-2025 में आकर्षण के कई केंद्र, 10 फरवरी को समापन

सहारनपुर का फर्नीचर, भदोही के कालीन लुभा रहे

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। कश्मीर की पश्मीना शॉल, भागलपुर का कुर्ता, तमिलनाडु की जरी समेत कई उत्पाद आकर्षक का केन्द्र बने हुए हैं। गोमती नगर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में शुरू हुए खादी एक्सपो में शुक्रवार को खूब भीड़ उमड़ी।

प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा महाराष्ट्र, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे राज्यों से आए उद्यमियों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों का

120 से अधिक स्टॉल लगे एक्सपो में

प्रदर्शन किया। यहां सहारनपुर के नक्काशीदार फर्नीचर, भदोही के कालीन, कन्नौज के मिट्टी के बर्तन, प्रतापगढ़ का आंवला मुरब्बा, कानपुर का हैंडीक्राफ्ट, अमरोहा की चादरें समेत कई स्टॉल हैं।

प्रदर्शनी का दो दिन पूर्व खादी ग्रामोद्योग, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने उद्घाटन किया था। यह 15 दिवसीय प्रदर्शनी 10 फरवरी तक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में खादी एक्सपो में लगे है विविध तरह के स्टॉल।

चलेगी। इसका आयोजन उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कर रहा है। आयोजक जयेश कुमार गुप्ता ने कहा कि एक्सपो का उद्देश्य बुनकरों का विकास और उत्पाद बिना बिचौलिए सीधे ग्राहक तक पहुंचाना है।

शादी का सीजन, इसलिए ज्यादा आ रहे लोग

शादी का सीजन चल रहा है, इस वजह से काफी अधिक संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। प्रदर्शनी में देशभर से 150 से भी ज्यादा बुनकर आए हैं। कई तरह के डिजाइन, पैटर्न्स, कलर कॉम्बिनेशन की साड़ियां पसंद की जा रही हैं। साथ ही फैशन ज्वैलरी का भी लुभावना कलेक्शन है। गुजरात और महाराष्ट्र की साड़ियां आकर्षण का खास केंद्र बनीं हैं।